Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of National Highways in Kodarma Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा): मेरा संसदीय क्षेत्र कोडरमा झारखण्ड राज्य के तीन जिलों तक विस्तारित है । लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई इसके अनुरूप नहीं है, जिससे लोक सभा क्षेत्र के एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए सिर्फ वर्तमान में मौजूद राष्ट्रीय राजमार्ग के द्वारा ही जाने का विकल्प है, जिसमे अधिक दूरी तय करने के चलते समय तथा ईंधन दोनों की ज्यादा खपत होती है । इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए निम्न मार्गों पर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कराये जाने की आवश्यकता है – (1) कोडरमा से जमुआ SH होते हुए देवघर तक कुल लम्बाई - 65 किलोमीटर (2) कोडरमा से बरमसिया होते हुए खोरी महुवा तक कुल लम्बाई 65 किलोमीटर (3) बगोदर जी टी रोड से बरमसिया होते कोवार तक कुल लम्बाई 65 किलोमीटर (4) कोडरमा जिले के महेशपुर चौक से सतगांवा होते हुए फतेहपुर NH-33 बिहार तक कुल लम्बाई 70 किलोमीटर (5) कोडरमा जिला के बरियार डीह से मरकच्चो वाया चौबे - केशवारी – दुर्गी धवईयां होते हुए NH-2 के घंघरी तक कुल लम्बाई - 55 किलोमीटर है । अगर इन सभी मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है, तो कोडरमा, गिरिडीह तथा हजारीबाग जिलों के लिए सड़क संपर्क अति सुगम हो जाएगा । इसके साथ ही झारखण्ड राज्य के पड़ोसी राज्य से भी आवागमन सुविधाजनक हो जाएगा । अतः जनहित में भारत सरकार से मेरी मांग है कि उपरोक्त सभी पांचों उल्लिखित स्थानों से होते हुए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कराया जाए ।